an>

Title: Need to fix price of superfine paddy grown in Nagpur region at Rs.2500/- per quintal.

श्री कृपाल बालाजी तुमाने (रामटेक): अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने के लिए मौका दिया, इसलिए मैं आपको धन्यवाद करता हूं।…(व्यवधान)

मेरे लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के महुदा एवं रामटेक ताल्लुका में बड़ी मात्रा में धान का उत्पादन होता है।…(व्यवधान) सूपर फाइन जेसिला नाम के धान का टैस्ट अच्छी होने के कारण पूरे महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ तथा मध्य प्रदेश में इसकी ज्यादा खपत होती है।…(व्यवधान) अभी देखा जाता है और आप भी जानती है कि यूरिया, सल्फेट तथा मज़दूरी के दाम काफी बढ़ जाने के कारण उत्पादन की लागत बड़े पैमाने पर बढ़ रही है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: अब आपका समय पूरा हो गया।

…(व्यवधान)

श्री कृपाल बालाजी तुमाने : अभी जो धान की फसल आयी है, उसको खरीदने के लिए कोई भी नहीं आ रहा है। उस धान का एमएसपी 1750 रुपये है, लेकिन उसको भी कोई खरीद नहीं रहा है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: मैं आप सभी को बोलने के लिए समय दूंगी। आप सभी बैठिए।

…(व्यवधान)

श्री कृपाल बालाजी तुमाने: मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करता हूं कि किसानों के उत्पादन लागत का हिसाब किया जाए।…(व्यवधान) सरकार कम से

कम ढ़ाई हजार रुपये के भाव से चावल खरीदने की व्यवस्था करें। मैं सरकार से ऐसी मांग करता हूं। धन्यवाद।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Shri Rabindra Kumar Jena and Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri Krupal Balaji Tumane.

Shri Vincent Pala -Not present.